कार्यालय कुलसचिव
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
कानपुर–208002

संख्या: 792 / अदम / एनटीसी / 2024
दिनांक: सितम्बर 17, 2024

:: सूचना ::

विश्वविद्यालय के समस्त स्थायी / अस्थायी तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जो धारित पद के संवर्ग में ठीक एक स्तर ऊपर के रिक्त पद (यदि हो) पर प्रोन्नति के इच्छुक हों तथा उक्त पद की निर्धारित योग्यता धारण करते हों, के प्रोन्नति आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। विभागीय प्रोन्नति के विचारार्थ पूर्ण विवरण (प्रोन्नति हेतु आवेदित पद की शैक्षिक योग्यता धारण संबंधी प्रमाण–पत्र, अनुभव आदि) सहित आवेदन पत्र अपने निकटतम अधिकारी की संस्तुति सहित विलम्बतम दिनांक 25 सितम्बर, 2024 तक कुलसचिव कार्यालय में उपलब्ध करा दिये जाएं। विलम्ब से प्राप्त आवेदनों पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

विभिन्न श्रेणी के रिक्त पदों पर प्रोन्नति हेतु एतद् सूचना–पत्र के आधार पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर ही विचार किया जाएगा तथा प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रीनिंग उपरान्त प्रोन्नति हेतु चयन श्रेष्ठता के आधार पर एक साधारण परीक्षा / स्किल टेस्ट / टंकण परीक्षा तथा साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नोक्त के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. विशेष कार्याधिकारी,कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
2. समस्त अधिष्ठाता / विभागाध्यक्ष / अनुभाग प्रभारी / परीक्षा नियंत्रक / वित्त नियंत्रक / पुस्तकालयध्यक्ष / कार्यशालाधीक्षक / चिकित्साधिकारी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस अनुरोध के साथ कि अपने विभाग / अनुभाग के अधिनस्थ समस्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को उक्त सूचना से अवगत करा देना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
3. समस्त सूचना पट्ट, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4. श्री एम0डी0 सिंह, सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इसे वेबसाइट पर उचित स्थान पर अपलोड किये जाने हेतु।
5. गार्ड फाइल।

कुलसचिव